जागरण : सागर : दमोह : रायसेन : विदिशा
www.dainikjagranmpcg.com
राहतगढ़ • खुरई • पथरिया • सिलवानी • गैरतगंज • गंजबासौदा • सिरोंज • बीना • शमशाबाद
भोपाल 02 जनवरी 2026

## धार्मिक स्थलों पर देर शाम तक रही भारी भीड़, पिकनिक स्पॉट्स पर भी परिवार सहित पहुंचे लोग

# स्वागतम् 2026 : शहर से लेकर गांवों तक नववर्ष के आगाज का उत्साह

**जागरण, सागर।** गुरुवार को शहर में नववर्ष का उल्लास नजर आया। पिछले साल की तुलना में हालांकि इस बार तीखी सर्दी गायब थी इसलिए सुबह से लेकर देर शाम तक लोगों ने अपने-अपने तरीके से नए साल का स्वागत किया। धार्मिक स्थलों पर पहुंचकर भगवान के दर्शन करने बड़ी संख्या में लोग परिवार सहित पहुंचे तो शहर एवं आसपास के पिकनिक स्पॉट भी युवाओं के उत्साह से गुलजार रहे। लोगों ने एक-दूसरे को शुभकामना दी।

वर्ष 2026 का पहला दिन शहरवासियों ने उत्साह के साथ मनाया। बात करें परिवारों के सामूहिक कार्यक्रम की तो इनमें से अधिकांश शहर और आसपास स्थित धार्मिक स्थलों की ओर पहुंचे। गढ़पहरा धाम, पहलवान बब्बा मंदिर, कठवापुल, गढ़पहरा, बालाजी मंदिर, दादा दरबार, श्री भूतेश्वर मंदिर, बाघराज मंदिर, बड़े शंकर जी बहेरिया के साथ अन्य देवालयों में सुबह से लोगों की भीड़ दिखाई दी। साल का पहला दिन लोगों ने भगवान के दर्शन करके शुरू किया। प्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र रानगिर, टिकीटोरिया, ठाकुर बाबा मंदिर, खेजरा में दर्शन के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे।



### पर्यटन स्थल पहुंचे लोग, सोशल मीडिया पर भेजे बधाई संदेश



कई मंदिरों में भंडारा कार्यक्रम आयोजित किया गया तो कई स्थानों पर परिजनों ने दाल-बाटी बनाकर आनंद लिया। युवाओं ने धार्मिक स्थलों के साथ राजघाट, राहतगढ़ वॉटरफाल और अन्य रमणीय स्थलों पर पहुंचकर नए वर्ष का आगाज किया। स्वागत करने कई होटलों में भी कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। यहां भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। यहां विशेष पैकेज पर कई तरह के संगीतमय और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी तरह शहर और उपनगर की कई रिहायशी कॉलोनियों में लोगों ने सामूहिक रूप से एकत्रित होकर नए साल का स्वागत किया। इस दौरान गाजे-बाजे के साथ सामूहिक भोज का भी आनंद उठाया। लोगों ने गले लगाकर एक-दूसरे का नववर्ष की शुभकामना दी। बच्चों में भी जमकर उत्साह नजर आया। युवाओं के उत्साह को देखते हुए महत्वपूर्ण स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती भी की गई थी इसलिए सारे आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से हुए। वहीं सोशल मीडिया पर भी बधाई संदेशों के आदान-प्रदान के कारण इंटरनेट बाधित होता रहा।

### सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में भजन संध्या



**जागरण, सागर।** सिद्धेश्वर महादेव मंदिर बसंत विहार कॉलोनी शिवालय परिसर में नव वर्ष की उपलक्ष मे भगवान भोलेनाथ का श्रृंगार एवं महा आरती का आयोजन किया गया। नव वर्ष के उपलक्ष में भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें समस्त वार्ड वासी एवं कॉलोनी वासी उपस्थित होकर भजन संध्या का आनंद लिया इसमें स्वरांजलि सागर द्वारा पंडित देवेंद्र दुबे भजन प्रस्तुति दी एवं जयप्रकाश दुबे प्रदीप शर्मा एडवोकेट अन्नी दुबे पंकज त्रिवेदी एडवोकेट शारदा पंकज त्रिवेदी मानस शर्मा नेवी अपनी प्रस्तुति दी कॉलोनी वाशी में मनोज दुबे संपादक इंडिया सीख राजू यादव विश्वकर्मा प्रदीप शुक्ला गोपाल गरोड़कर रमेश चौरसिया सुशील श्रीवास्तव डॉ राजेंद्र शिलाकरी एवं समस्त वार्ड वासी उपस्थित रहे।

### मंदिरों और पिकनिक स्पॉट जाकर मनाया नववर्ष

**जागरण, राहतगढ़।** नगर व क्षेत्र में नए वर्ष की शुरुआत के पहले दिन युवाओं ने नया वर्ष हर्षोल्लास के साथ मनाया। साथ ही मंदिरों प्राकृतिक स्थलों एवं पिकनिक स्पॉटों पर जमकर भीड़ दिखाई दी। इस दौरान मंदिरों दरगाहों व देव स्थलों पर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा जहां श्रद्धालुओं द्वारा भजन कीर्तन व पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की। ब्लाक के ग्राम सागौनी उमरिया में टेकरी पर विराजमान मां शारदा देवी मंदिर एवं जलंधर ज्वाला देवी मंदिर में भक्तों द्वारा चुनरी चढ़ाई गई और अनेक धार्मिक अनुष्ठान किए गए। इसके साथ ही प्राचीन बनेनीघाट मढ़ा मंदिर लघेराधाम गुर्जादहार समाधि स्थल नाहरसिंह मंदिर माला घाट आदि अन्य स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा पूजन कर प्रसाद चढ़ाया। वहीं ऐतिहासिक किला वाटरफाल बीना डेम लालबाग आमघाट आदि पर भी नये वर्ष के चलते पर्यटकों की भीड़ बनी रही।

### अमझेरा हनुमान मंदिर में उमड़ी लोगों की भीड़



**जागरण, मालथौन।** यूपी-एमपी बॉर्डर पर स्थित अमझेरा घाटी हनुमान मंदिर पर सुबह 4 बजे से रात्रि 10 बजे तक लाखों भक्तों लग रहा । भक्तों ने माथा टेक कर नव वर्ष की शुभकामनाएं देती हुई आशीर्वाद प्राप्त किया। बरोदिया कला के वैष्णो देवी मंदिर में सुबह 6 से भक्तों का ताता लगा रहा ऊपर पहाड़ी पर पैदल चलकर मां वैष्णो देवी वह बिजासन मंदिर में मां का आशीर्वाद प्राप्त किया इसी प्रकार मालथौन के आसपास जहां-जहां मंदिर स्थित है वहां वहां भक्तों ने जाकर नव वर्ष के उपलक्ष में भगवान से आशीर्वाद प्राप्त किया।

### मंदिरों में भजन संकीर्तन, रामधुन का आयोजन



**सीहोरा।** सीहोरा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में 2026 नए वर्ष का स्वागत देवस्थानों मंदिरों में तो कहीं 5 दिन पूर्व से कहीं दो दिन पूर्व से श्री सीताराम नाम संकीर्तन का आयोजन कर सनातन हिंदू परंपरा से किया गया। जो एक जनवरी दोपहर तक चला। महा आरती के बाद प्रसाद वितरण भंडारा का आयोजन हुआ। उपस्थित सभी सनातनी धर्म प्रेमी जनों को तिलक लगाकर नए वर्ष में हर क्षेत्र में उन्नति हो ऐसी शुभकामनाएं दी गई। स्थानीय पुलिस चौकी प्रांगण स्थित मंदिर में 31 दिसंबर की प्रातः से संकीर्तन का आयोजन किया गया है, वही ग्राम जोहारिया में 25 दिसंबर से लगातार संकीर्तन का आयोजन किया गया था जिसका गुरुवार को समापन हुआ।

# आवारा कुत्तों की दहशत, बछिया पर हमला, मौत से लोगों में दहशत

### रात में झुंड बनाकर करते हैं चलती बाइक पर हमला



**जागरण, गौरझामर।** कस्बा में इन दिनों आवारा कुत्तों की दहशत से स्थानीय लोग काफी परेशान हैं। सड़क पर बैठी गाय व बछड़ों को निशाना बना रहे हैं। आवारा कुत्तों द्वारा गायों और बछड़ों पर हमला कर रहे हैं जिससे पशुओं की मौतें हो रही हैं। ग्रामीणों में इन आवारा कुत्तों को लेकर दहशत व्याप्त है। परिजन छोटे बच्चों को सड़क पर अकेले नहीं निकलने दे रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार गांव में कुत्तों की बढ़ती संख्या से लोग परेशान हैं। कई दिनों से गांव में झुण्ड के रूप में घूमने वाले कुत्ते गाय पर अचानक धावा बोलकर नोंचकर मांस खाने में लगे हैं। अनुज शर्मा ने बताया है कि पुरानी स्टैंड के पास आवारा कुत्तों का झुण्ड दिन रात डेरा डाले रहता है जिससे वहां से पैदल एवं टू व्हीलर फोर व्हीलर वाहन से निकलने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार की रात में गाय का दूध निकालने के बाद 8 माह के बछड़े को पास में ही बांध दिया था। गुरुवार की सुबह जब दोबारा दूध निकालने के लिए पहुंचे तो वहां पर गाय का बछड़ा कुत्तों द्वारा खाया गया आधा शव पड़ा था। कुत्ते बछड़े को नोंच रहे थे। इन आवारा कुत्तों से ग्रामीण परेशान है

# सड़क सुरक्षा के तहत विशेष ग्राम और वार्ड सभाएं होगी आयोजित

**जागरण, सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर की अभिनव पहल पर सड़क सुरक्षा जागरूकता हेतु देश में पहली बार व्यक्तियों के जीवन की सुरक्षा के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा विषय पर जिले में 02 जनवरी 2026 को विशेष ग्राम सभा/वार्ड सभा का आयोजन किया जाएगा। देखने में आ रहा है कि सागर जिला अंतर्गत सड़क दुर्घटनाओं से जनहानि/मृत्यु हो रही हैं। सागर जिले में सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली जनहानि को कम करने एवं सामान्य नागरिकों, बच्चों, बुर्जुगों तथा राहगीरों के जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले में सड़क सुरक्षा विषय पर विशेष वार्ड सभा का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी जिला सागर को नोडल अधिकारी नियुक्ति किया गया। कलेक्टर संदीप जी आर ने सड़क सुरक्षा विषय पर आयोजित विशेष ग्राम सभा/वार्ड सभाओं के सफल सफल आयोजन हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत सागर, आयुक्त, नगर निगम सागर, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), अनुविभाग- समस्त, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत एवं मुख्य नगर पालिका/नगर परिषद अधिकारी समस्त को निर्देशित किया कि उक्त विशेष ग्राम सभा/वार्ड सभा यातायात एवं सड़क सुरक्षा पर जानकारी देना सुनिश्चित करें।

### दी जाने वाली जानकारी

ट्रैफिक लाइट और संकेतों का पालन करें। हमेशा हेलमेट/सीटबेल्ट पहनकर वाहन चलाएँ, जिससे जीवन सुरक्षित रहता है। ग्रामीण मार्ग से मुख्य मार्ग पर आने से पहले दाएँ बाएँ देखें कि मुख्य मार्ग पर कोई वाहन तो नहीं आ रहा है उसे भी देखें। गति सीमा में रहें एवं शराब पीकर या नशा करके वाहन न चलाएँ तथा वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग न करें। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करें। पैदल चलते समय जेब्रा क्रॉसिंग और फुटपाथ का उपयोग करें, सही लेन में चलें। खराब रखरखाव वाले वाहन दुर्घटना का कारण बन सकते हैं। इसलिए आपको वाहन का रखरखाव अच्छे तरीके से करना चाहिए ताकि आपका वाहन दुर्घटना का कारण न बने। मोड़ पर वाहन को ओवरटेक न करें।

# जुआ खेलते दो आरोपी गिरफ्तार, छह फरार

**जागरण, सागर।** थाना बांदरी पुलिस द्वारा जुआ खेलने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। थाना प्रभारी बांदरी सुमेर सिंह जगेत को सूचना प्राप्त हुई कि थाना क्षेत्र अंतर्गत बांदरी एवं ग्राम आगारसिस रोड के पास जंगल क्षेत्र में कुछ लोग ताश पत्तों से हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना की तस्दीक हेतु थाना प्रभारी द्वारा हमराह बल के साथ मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर दबिश दी गई। मौके पर कुछ जुआरी ताश पत्तों से जुआ खेलते हुए पाए गए। पुलिस को देखकर कुल 8 व्यक्ति भागने लगे जिनमें से 2 आरोपियों को घेराबंदी कर पकड़ लिया गया जबकि अन्य 6 आरोपी मौके से फरार हो गए। पकड़े गए आरोपियों में अररू उर्फ अरविंद पिता राजेन्द्र पाटकर निवासी हनुमान मंदिर के पीछे बांदरी और सुंदर पिता लच्छू रजक उम्र 58 वर्ष निवासी माली का बगीचा बांदरी शामिल हैं। फरार आरोपियों में शुभम जैन, निक्की चौरसिया, प्रभु सेन, मनोहर सेन, दशरथ प्रजापति एवं हेमंत लोधी सभी निवासी बांदरी हैं। पूछताछ में यह भी सामने आया कि शुभम जैन एवं निक्की चौरसिया द्वारा लोगों को जुआ खिलाया जा रहा था। मौके से आरोपियों के फड़ से कुल 1900 रुपए नगद, 52 ताश के पत्ते एवं तीन मोबाइल फोन जब्त किए गए। आरोपियों का कृत्य धारा 13 जुआ अधिनियम के अंतर्गत दंडनीय पाए जाने से प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया गया है। फरार आरोपियों की तलाश जारी है। टीम में प्रधान आरक्षक जागेश्वर, आरक्षक जयराम, राजेन्द्र, रामप्रसाद, लोकेंद्र की सराहनीय भूमिका रही।

# संयुक्त संचालक को सेवानिवृत्ति पर विदाई



**जागरण, सागर।** स्वास्थ्य विभाग सागर के संभागीय क्षेत्रीय संचालक कार्यालय में पदस्थ डॉ एम. पी. शर्मा वरिष्ठ संयुक्त संचालक दिनांक 31 दिसंबर को शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त हो गए, उनके विदाई समारोह में क्षेत्रीय संचालक डॉ नीना गिडियन वरिष्ठ संयुक्त संचालक डॉ एस. आर. रोशन उपसंचालक डॉ जितेन्द्र सिंह डॉ सचिन मलैया/डॉ सुशीला यादव एवं सभी कार्यालय स्टाफ के द्वारा उन्हें भावभीनि विदाई दी गई। और उनके कार्यकाल के दौरान उनकी सराहनीय सेवाओं पर चर्चा की गई।

**ईमानदारी की मिसाल** | **ऑटो चालक का एएसपी ने किया सम्मान, परेशान परिजनों ने पुलिस कंट्रोल रूम में लगाई गुहार**

# लाखों के जेवरात और नगदी से भरा बैग किया वापस

**जागरण, सागर।** यदि नीयत साफ और इरादे नेक हों तो लाखों की नगदी और जेवरात भी किसी इंसान के ईमान को डिगा नहीं सकते। नववर्ष के पहले दिन शहर से कुछ ऐसी ही मिसाल एक ऑटो चालक ने सामने रखी है जिसने पांच लाख रुपए से अधिक के जेवरात से भरा बैग सुरक्षित वापस कर दिया। इस नेक काम में पुलिस टीम ने भी सराहनीय योगदान दिया।

दरअसल, गुरुवार को वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को एक परिवार का कीमती सामान से भरा बैग एक ऑटो में छूटने की सूचना मिली। तत्काल उप निरीक्षक आरकेएस चौहान को त्वरित आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। श्री चौहान ने तत्काल ही टीम बनाकर काम शुरू कर दिया। जानकारी के अनुसार कैलाश रजक निवासी चितौरा बेरखेड़ी अपने परिवार सहित भोपाल से बस द्वारा सागर आए थे। सागर बस स्टैंड से ऑटो द्वारा घर पहुंचने के दौरान उनका एक बैग ऑटो में छूट गया था जिसमें 5 लाख से अधिक मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात एवं 5300 रुपए नगद रखे हुए थे। बैग के छूट जाने से



परिवार की महिलाएं परेशानी की हालत में पुलिस कंट्रोल रूम पहुंचीं। ट्रैफिक थाना से ड्यूटी हेतु सीसीटीवी पुलिस कंट्रोल रूम में ड्यूटी पर तैनात प्रधान आरक्षक रेखा रजक एवं पुलिस कंट्रोल रूम की महिला आरक्षक उर्मिला, आरक्षक रेडियो राकेश सुलखिया को सीसीटीवी फुटेज खंगालने के कार्य में लगाया गया। टीम ने सतर्कता एवं तकनीकी दक्षता का परिचय देते हुए अल्प समय में संबंधित ऑटो की पहचान कर ली।

### सीसीटीवी फुटेज किया वायरल

ऑटो का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया के माध्यम से साझा किया गया तथा आमजन से सहयोग की अपील की गई। सोशल मीडिया पर फुटेज देखने के पश्चात ऑटो चालक मुकेश मिश्रा स्वयं तत्काल बैग लेकर पुलिस कंट्रोल रूम पहुंचे। उन्होंने बताया कि उन्हें बैग के भीतर रखे सामान की जानकारी नहीं थी और ऑटो में ही बैग छूट गया था। उनकी ईमानदारी एवं जिम्मेदारी की भावना सराहनीय रही। प्राप्त बैग को विधिवत जांच के उपरांत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश कुमार सिन्हा द्वारा संपूर्ण सामान सहित रजक परिवार को सुरक्षित वापस कराया गया। इस अवसर पर ईमानदार ऑटो चालक मुकेश मिश्रा का सम्मान कर उनके कर्तव्यनिष्ठ एवं प्रशंसनीय व्यवहार की सराहना की गई।

# बड़े बाजार में प्रसाधन के निर्माण पर उपयंत्री साहू को नोटिस

**जागरण,सागर।** महापौर संगीता तिवारी ने बड़ा बाजार स्थित श्रीराम चौक पर उपयंत्री बबलेश साहू द्वारा यूरेनल निर्माण कार्य की कार्यवाही किये जाने को गंभीरता से लेते हुये निगमायुक्त राजकुमार खत्री को तत्काल नोटिस जारी करने तथा संतोषजनक उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में संबंधित उपयंत्री के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं। महापौर एवं निगमायुक्त के संज्ञान के बिना बड़ा बाजार स्थित श्रीराम चौक पर नगर निगम द्वारा यूरेनल का निर्माण कराने की कार्यवाही की जा रही थी जिसको लेकर नगर के विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा विरोध दर्ज कराया गया था। इस संबंध में महापौर द्वारा यूरेनल निर्माण कार्य की मूल नस्ती का अवलोकन किया गया जिसमें उपयंत्री बबलेश साहू द्वारा नियमानुसार कार्यवाही न करते हुये स्थल का सही चयन न करते हुये निर्माण कार्य कराना पाया गया। मूल नस्ती के अवलोकन के उपरांत निगमायुक्त को उपयंत्री बबलेश साहू के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने एवं भविष्य में धार्मिक स्थलों के आसपास शौचालय आदि निर्माण कार्य नागरिकों से सुझाव एवं सहमति लेने के बाद ही प्रारंभ करने के निर्देश दिए हैं।

## न्यूज कार्नर

### जबेरा में नववर्ष मिलन समारोह आयोजित



**दमोह।** नववर्ष मिलन समारोह के उपलक्ष्य में जबेरा तहसील के पुराने भवन में तहसीलदार सुश्री सोनम पांडे की अध्यक्षता में नववर्ष मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में तहसील स्टाफ, लोक सेवा केंद्र स्टाफ, सभी रजिस्ट्री ऑफिस स्टाफ के साथ ही एडवोकेट श्री राय, नायब तहसीलदार राजेश कुमार साहू, अटलबिहारी वर्मा, देवदत्त सेन को दस्तावेज लेखक कमल किशोर खरे, पंचायत प्रतिनिधि श्रीमती अनुपम मिश्रा, आम आदमी पार्टी मजदूर दल पार्टी अध्यक्ष बसंत कुमार, गोविंद प्रसाद तिवारी, मुकेश झरिया, गोविंदा, अफजल खान के साथ वरिष्ठ पत्रकार मुन्नालाल सोनी महिला सशक्तिकरण संभागीय रिसोर्स पर्सन के साथ ही अनेक गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। सभी ने एक-दूसरे को नववर्ष मिलन समारोह की बधाई दी। तहसीलदार ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में नववर्ष मिलन समारोह की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस कार्यक्रम में ऐसा महसूस कर रही हूं कि हम एक अपने परिवार की तरह लगते हैं। मैं सोनी जी से कहना चाहती हूं कि आगे भी इसी प्रकार के कार्यक्रम करते रहें। कार्यक्रमों के करने से हम एक दूसरे से मिलकर अपनी बात सामूहिक रूप से प्रस्तुत कर सकते हैं जिससे सभी लोग परिवार की तरह मिलते रहें। अंत में कार्यक्रम आयोजक मुन्नालाल सोनी ने भी संबोधित किया।

### कांग्रेस जिला समन्वय समिति की बैठक आज

**दमोह।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक 2 जनवरी को दोपहर 12 बजे जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित की गई है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मानक पटेल ने समस्त समन्वय समिति के सदस्यों से आग्रह किया है कि बैठक में पूव मंत्री एवं जिला काग्रेस प्रभारी हर्ष यादव की उपस्थिति रहेगी। अतः समय पर उपस्थित रहकर अपने सुझावों से अवगत कराये।

# नववर्ष के पहले दिन लोगों में उत्साह मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**जागरण हटा।** नववर्ष के पहले दिन क्षेत्र लोगों ने सबसे पहले मंदिरों में भगवान के दर्शन कर आगामी साल बेहतरी के लिए कामना की। क्षेत्र के लोगों विशेषकर युवक युवतियों ने नगर के सुप्रसिद्ध देव गौरीशंकर मंदिर, चंडी जी मंदिर, गायत्री शक्ति पीठ, माँ पीताम्बरा के दर्शन पूजन से नववर्ष की शुरुआत की। इनके अलावा सकौर, जलखंडी, गौमुख, झारखंडी, धनुषधारी, बर्धा के पास सिद्धन स्थल भदभदा में भी लोग पहुंचे जहां स्थान देवता का पूजन कर भेंट अर्पित करने के बाद इन पिकनिक स्थलों पर दाल बाटी का आनंद लिया। सुबह से अपेक्षकृत कोहरे की घनी चादर ओढ़े होने से लोग पहले दुबके रहे लेकिन जैसे ही सुबह 10 बजे सूर्य नारायण के दर्शन हुए तो लोग घर से बाहर निकले बाजारों में चहलकदमी बढ़ गई। अधिकांश लोग पिकनिक पर अपने इष्ट मित्रों एवं परिजनों के साथ निजी वाहनों से रवाना हुए।



इस वर्ष जटाशंकर, बांदकपुर कुंडलपुर, रानगिर एवं अबार माता मंदिर, सिद्धन स्थल, जरारुधाम, भीमकुण्ड सीतानगर भी लोग पहुंचे। उत्साह से नववर्ष मनाने के चक्कर में नाबालिग भी बाइकों से फर्राटा भरते देखे गए। एक बाइक पर तीन से चार लोग तक सवार करते रहे, इन्हें रोक-टोक करने वाला कोई सामने नहीं आया। फतेहपुर के पास खंडेरा माता मंदिर में पिकनिक मनाने बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। नववर्ष के आगमन पर युवाओं में खास किस्म का उत्साह देखा गया।

## समस्याओं को लेकर आजाद भारत पार्टी ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

**जागरण पथरिया।** आजाद भारत पार्टी मध्यप्रदेश शुरू से ही आमजन हितैषी मुद्दों को उठाती आई है। इसी एवज में आज पथरिया एसडीएम के माध्यम से प्रदेश के राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। जिसमें राष्ट्रीय समस्याओं एवं प्रदेश को अनियमितताओं को उजागर किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष रामरतन यादव द्वारा बताया गया कि प्रदेश सरकार प्राथमिकता के आधार पर मप्र राज्य में चल रहे नाईट क्लब, टब, रेस्टोरेन्ट में चल रही गतिविधियों पर सतत निगरानी एवं जांच करे जिससे दिल्ली राज्य जैसी घटनाएं कहीं भी न हो पाए। मोबाइल पर खुले आम चल रहे गंदे और भद्दे विडियो पर प्रतिबंध लगे और साथ-साथ जिन अश्लील चल चित्रों पर प्रतिबंध लगा है, उनका दुरुपयोग होने पर कड़ी कार्यवाही करें। साथ ही प्रदेश के समस्त वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान करते हुए उनकी वृद्धा पेंशन 6 सौ रूपये मात्र से बढ़ा कर तीन हजार करें जिससे प्रदेश भर के माता और पिता दोनों का जीवन यापन सुगमता पूर्वक चल सके साथ ही बड़े बड़े कोचिंग संस्थानों के नाम पर प्रदेश भर में चल रहीं लुटाई बंद करने कड़े कानून बनाए जाएं। वे सभी सीनियर सिटीजन जिन्होंनें प्रदेश शासन के सभी विभागों में अधिकारी और कर्मचारियों के रूप में प्रदेश की जनता की सेवा की हैं, उन्हें 30 जून अथवा 30 जनवरी में सेवानिवृत्त होने के कारण इंक्रीमेंट से वंचित रहना पड़ा हैं, उन्हे इंक्रीमेंट लगाया जावे। अतः प्रदेश के वरिष्ठ नागरिकों को नजर अंदाज करना सरकार को खतरे में डालने के समान हैं। समय-समय पर आजाद भारत पार्टी एवं वरिष्ठ नागरिकों ने मान्यता मप्र कर्मचारी संघ के माध्यम से भी प्रदेश सरकार को अवगत कराया हैं।



ज्ञापन कर्ताओं में राष्ट्रीय अध्यक्ष रामरतन यादव, राष्ट्रीय महासचिव सगीर खान, डीपी बौद्ध, प्रदेश अध्यक्ष सरला चौबे, सीएल अहिरवाल, एसआर अहिरवाल, श्यामलाल पटेल, लखनलाल पाली एवं पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ट्रक ने बाइक को टक्कर मारी

**जागरण दमोह।** दमोह-जबलपुर स्टेट हाईवे पर रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व की सीमा में एक ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल जबेरा स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। घटना गुरुवार दोपहर की है। जानकारी के अनुसार सगोड़ी निवासी कक्षा 10वीं के छात्र आयरन 16 वर्ष पुत्र रत्नेश मेहरा और राहुल चौधरी 17 वर्ष नए साल पर सागर घूमने जा रहे थे। वे अपनी बाइक से जबेरा में अपने दोस्तों से मिलने के बाद सागर जाने वाले थे। दमोह-जबलपुर स्टेट हाईवे पर रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व की सीमा में एक ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल जबेरा स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। घटना गुरुवार दोपहर की है। जानकारी के अनुसारए सगोड़ी निवासी कक्षा 10वीं के छात्र आयरन 16 वर्ष पुत्र रत्नेश मेहरा और राहुल चौधरी 17 वर्ष नए साल पर सागर घूमने जा रहे थे। वे अपनी बाइक से जबेरा में अपने दोस्तों से मिलने के बाद सागर जाने वाले थे।



# तीन ट्रक आपस में टकराए, बड़ा हादसा टला

**जागरण दमोह।** थाना बटियागढ़ क्षेत्र की गेवलारी पुलिया के पास तीन ट्रकों की आपस में टक्कर हो गई। इस हादसे में एक ट्रक सड़क पर पलट गया जबकि दूसरा ट्रक सड़क से नीचे उतरकर खाई में जा गिरा। घटना गुरुवार सुबह करीब 11 बजे की है। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। हालांकि इस दुर्घटना में किसी भी ट्रक चालक को गंभीर चोटें नहीं आई हैं लेकिन हाईवे पर आवाजाही जरूर बाधित हो गया। एक ट्रक के चालक मोहम्मद जलीश ने बताया कि वह रुदलपुर से बेंगलुरु जा रहा था।



बटियागढ़ के पास ब्रेकर पर उसने जैसे ही ब्रेक लगाया, पीछे से आ रहे एक ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। इससे उसका ट्रक अनियंत्रित होकर सामने वाले ट्रक से टकरा गया। जलीश का ट्रक सड़क पर पलट गया जबकि सामने वाला ट्रक खाई में चला गया। पीछे वाला तीसरा ट्रक सड़क पर ही खड़ा रहा। टक्कर काफी जोरदार थी लेकिन गनीमत रही कि किसी चालक की जान नहीं गई। जिस तरह से तीनों ट्रक आपस में टकराए थे, उससे एक बड़ा हादसा हो सकता था। पुलिस मौके पर पहुंच गई है और ट्रकों को सड़क से हटाने का काम किया जा रहा है ताकि दमोह-छतरपुर स्टेट हाईवे पर जाम की स्थिति न बने।

यह वही गेवलारी पुलिया है जहां एक सप्ताह पहले गिट्टी से भरा एक डंपर पुलिया से नीचे गिर गया था जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई थी। यह स्थान जिले के सबसे बड़े ब्लैक स्पॉट में से एक है जहां आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं और लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ती है।

**ग्रामीणों ने सीमेंट कंपनी पर कब्जा करने के लगाए आरोप**

# लोक सुनवाई में मिला आश्वासन, ग्रामीणों से जबरदस्ती नहीं ली जाएगी उनकी जमीन

**जागरण पथरिया।** मेसर्स हाईडेलबर्ग सीमेंट इंडिया लिमिटेड कंपनी जिसका नाम भारत सहित विदेशों में भी विख्यात है। तथा जब इसका निर्माण हुआ था तबसे अब तक पास के ग्रामीण यह कहते आ रहे हैं कि हम लोगों से हमारी जमीनें सस्ते दामों पर खरीदी गई और हमारे बच्चों को नौकरियों देने का झांसा दिया गया। ऐसी ही समस्याओं को सुनने फैक्ट्री द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई कार्यक्रम रखा जिसमें पथरिया एवं पथरिया अंतर्गत सूखा, सतपारा, जगथर आदि गांवों को आमंत्रित किया। यह कार्यक्रम गांववासियों को 216 हेक्टेयर जमीन पर नई माइंस के लिए रखा गया।



इस नए प्रोजेक्ट को सुचारू करने के लिए गांव के आसपास की और जमीन की आवश्यकता है। इसी जमीन के बारे में बात करने फैक्ट्री ने पर्यावरणीय स्वीकृति लोक सुनवाई का आयोजन किया था जिसमें आस पास के ग्रामीणों ने अपनी जगह देने से साफ इंकार कर दिया और गांव वासियों के साथ हो रहे दुर्व्यवहार को भी उजागर किया। ग्रामीणों के आरोप है कि पर्यावरण के नाम पर फैक्ट्री जंगल निर्मित करती जा रही है जिससे कई बार जंगली जानवर आ जाते है और फसलों को नुकसान पहुंचाते है। अगर इसी प्रकार फैक्ट्री की मनमानी चलती रही तो जंगली जानवरों की तादाद बढ़ने से ग्रामीणों का रहना दूभर हो जाएगा। वहीं सतपरा के मोहन पटेल ने बताया कि में दो बार फैक्ट्री के पदाधिकारियों को अपने दस्तावेज देकर आया हूं। उसके उपरांत वह दस्तावेज कचरे के ढेर में पड़े मिलते है यहां के पदों के लिए जो योग्यता होती है वह यहां के कई युवाओं में है परंतु फैक्ट्री के उच्च अधिकारी यहां के लोगों को अवसर न देकर बाहर से लोग काम करने बुलाते है। जिससे हमें अपना गांव छोड़ दूसरे राज्यों में रोजगार के प्रति पलायन करना होता है। वहीं गुड्डी बाई ने बताया फैक्ट्री अंतर्गत जो ट्रक और भारी वाहन निकलते है उससे उड़ने वाली धूल से हमारी फसलों को काफी नुकसान हो रहा है और कंपनी ने मेरी जगह के कुछ हिस्से पर कब्जा कर रखा है। जिसे वह खाली नहीं कर रही। वहीं ग्रामीणों ने कहा फैक्ट्री से निकलने वाली डस्ट से हमारी फसलों को काफी नुकसान हो रहा।

**इनका कहना है**

ग्रामीणों ने जो समस्या रखी उसका निराकरण कंपनी द्वारा किया गया जाएगा एवं जिन्हें अपनी जमीन नहीं देनी या कोई आपत्ति है उससे जबरन जमीन नहीं ली जाएगी।

**सुरेश दुबे,** जनसुनवाई आवेदक

# मंदिरों में पूजा अर्चना के साथ नववर्ष का किया स्वागत, लिया आशीर्वाद

**बीना जागरण।** 2025 को अलविदा एवं वर्ष 2026 का स्वागत नगरवासियों ने बड़े ही धूमधाम के साथ किया। लोगों ने सुबह की पहली किरण के साथ मंदिरों में जाकर भगवान की पूजा अर्चना की एवं अपने परिवार के साथ धूमने निकले। हालांकि वर्ष के अंतिम दिन ठंड का अहसास थोड़ा कम रहा जिस कारण लोग सुबह जल्दी उठकर मंदिरों में भगवान के दर्शनों के लिये पहुंचे। जहां पर भगवान को प्रसाद चढ़ाकर नववर्ष मंगलमय बीतने की कामना की। वहीं युवाओं ने एक दूसरे को वाट्सअप एवं इंस्ट्राग्राम से एक दूसरे को नववर्ष की बधाई दी।

नगर के प्रसिद्ध मंदिर श्रीकटरा मंदिर, देवश्री रघुनाथ बड़ा मंदिर, माँ जागेश्वरी मंदि, पीताम्बरा मंदिर गुलौआ में पहुंचकर लोगों ने भगवान के दर्शन कर सुबह की शुरूआत की। हालांकि पुलिस प्रशासन ने 31 दिसंबर को सख्ती दिखाकर युवाओं द्वारा हर वर्ष झलकने वाले जाम पर अंकुश लगा रखी थी। इसलिये युवाओं द्वारा ज्यादा शोर शराबा नहीं किया गया और शांतिपूर्वक ही नववर्ष 2026 का स्वागत किया।



**मोबाइल से दी शुभकामनायें**

नववर्ष की पावन बेला पर उत्साह और उमंग का संयोग चारों तरफ फिजाओं में घुला रहा है। लोगों ने एक दूसरे को अपने-अपने तरीकों से बधाई दी। अधिकांश लोगों ने मोबाईल का सहारा लिया। युवाओं ने हाथ मिलाकर और गले लगकर खुशियां बांटी, युवतियों और महिलाओं ने मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। बच्चे भी इसमें पीछे नहीं रहे, स्कूलों और घरों में उन्होंने बधाईयों का सिलसिला जारी रखा। ज्योतिष में विश्वास रखने वालों ने शनि देव को खुश रखने में कोई कसर नहीं छोड़ी। नये वर्ष के शुरुआती दौर में शनि मंदिर पर भी काफी भीड़ देखी गई। जहां श्रद्धालुओं ने पहुंचकर भगवान शनिदेव को तिल, तेल, लोहा सहित प्रसाद चढ़ाकर भगवान शनिदेव को प्रसन्न किया।

**पुलिस प्रशासन रखा सख्त**

नववर्ष का स्वागत बुधवार की देर रात से शुरू हो गया था और मंदिरों पर भी धार्मिक आयोजन होना शुरू हो गये थे। नववर्ष के चलते शहर में पुलिस की टीमें अलग-अलग पाइंटों पर तैनात की गई थीं रात्रि में भी पुलिस सक्रिय रही और शराब पीकर वाहन चलाने वालों, उत्पात मचाने वालों पर कड़ी नजर रखी गई। नववर्ष के उपलक्ष्य में श्रीराम जानकी मंदिर छोटी बजरिया में अखंड श्रीरामचरित मानस पाठ का आयोजन किया गया है, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। इसके अलावा श्रीकटरा मंदिर पर भी धार्मिक आयोजन शुरू चलता रहा। गुरुवार की सुबह से ही लोग भगवान के दर्शन कर नववर्ष की शुरुआत करने पहुंचे। शहर के आसपास स्थित धार्मिक स्थल और दार्शनिक स्थलों पर भी लोग पिकनिक मनाने गये। बुधवार देर रात शहर में आतिशबाजी का आलम देखने मिला और होटलों में जश्न मनाया गया। रात्रि 12 बजे युवाओं ने आतिशबाजी करते हुए नववर्ष का स्वागत किया। इसके साथ ही एक-दूसरे को नववर्ष की बधाई देते हुए मिठाई खिलाई। सभी ने बड़े उत्साह के साथ मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की।

## अधिवक्ता संघ ने 24 रनों से पत्रकारों को किया पराजित

**बीना जागरण।** राज वाटिका में पं.स्व.राकेश सीरोठिया की स्मृति में होने वाले टूर्नामेंट में गुरूवार को दो मैत्री मैच खेले गये। जिसमें पहला मैच अधिवक्ता संघ और पत्रकार इलेवन के बीच हुआ पहले बल्लेबाजी करते हुए अधिवक्ता संघ ने 127 रनों का लक्ष्य दिया जवाब मे पत्रकार इलेवन ने 24 रनों से पराजय का सामना करना पडा। दूसरा मैच सरपंच संघ और भाजपा बीना के बीच हुआ भाजपा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 104 रनों का लक्ष्य दिया विक्रमादित्य ने 25 रन, विक्की राय ने 22 रन, निखिल पाठक ने 18 रनों का योगदान दिया। जबाव मे उतरी सरपंच संघ के बल्लेबाज आठ ओवरों मे 92 रन बना सकी। गुनगी सरपंच शिवम ने 37 रन, कप्तान संजय उपाध्याय ने 23 रन व कपिल ने 12 रनों का योगदान दिया। रोमांचक मुकाबले के अंतिम ओवर में जीत के तेरह रनों की आवश्यकता थी मैच का अंतिम ओवर गौरव सिरोठिया ने मेडन फेक कर रोमांचक मुकाबले में सरपंच संघ को एक तरफ हरा दिया। कपिल राजपूत 3 विकेट लेकर बॉलर ऑफ द मैच रहे, विक्रमादित्य व शिवम ठाकुर संयुक्त रूप से मैन ऑफ द मैच रहे। आज के मैचों मे अंपायर राजेश मिश्रा, महेंद्र यादव रहे। मैच मे कामेंटर अकरम अली, अनिल शर्मा रहे। वहीं स्कोरर रोहित चढ़ार, नीतेश वर्मा, राघव लिटोरिया रहे।



## नानक वार्ड पार्षद ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**बीना जागरण।** बीपीसीएल रिफाइनरी के नो-डेवपलमेंट जोन में बिना अनुमति लगाए प्लांट हटाने सहित चार सूत्रीय मांगों को लेकर नानक वार्ड पार्षद बीडी रजक ने मुख्यमंत्री मंत्री के नाम तहसीलदार डॉ.अंबर पंथी को चार सूत्रीय ज्ञापन दिया। इसमें फर्जी तरीके से चरित्र प्रमाण-पत्र बनाने, रिफाइनरी की सीएसआर की राशि, युवाओं को रोजगार देने की मांग शामिल है। चारों मांगें जल्द पूरी न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। पार्षद ने अपने समर्थकों के साथ ज्ञापन देते हुआ कहा कि रिफाइनरी के चारों तरफ पांच किमी एरिया को नो-डेवलपमेंट घोषित किया है। इसमें आसपास के किसान अपनी ही भूमि पर मकान नहीं बना पा रहे हैं, जबकि रिफाइनरी में पेट्रोकेमिकल प्लांट का काम करने आईं कंपनियों ने हजारों वर्गमीटर में प्लांट लगा लिए हैं। रिफाइनरी प्रबंधन इनका समर्थन करते हुए क्षेत्रीय नियंत्रण समिति के अध्यक्ष एसडीएम को पत्र लिखकर अस्थाई अनुमति देने की मांग कर रहा है। उन्होंने कहा कि यदि नो-डेवपलमेंट जोन से प्लांट नहीं हटाए गए तो आसपास के किसान भी नियम मानने से मना कर देंगे। इसके अलावा ज्ञापन के दौरान उन्होंने कहा कि बाहर से आ रहीं कंपनियों में स्थानीय लोगों को रोजगार नहीं दिया जा रहा है। कंपनी बाहर के लोगों को बुलाकर रोजगार दे रही हैं। स्थानीय शिक्षित युवाओं के हितों की उपेक्षा जनता बर्दाश्त नहीं करेगी। इसके साथ ही रिफाइनरी की स्थापना से लेकर अब तक सीएसआर की राशि कहां और कितनी खर्च की गई इसका ब्यौरा सार्वजनिक किया जाए। ज्ञापन देने वाले में अवधेश तिवारी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हैं। प्रमाण पत्र पर रोक लगाई जाए- ज्ञापन के दौरान यह आरोप भी लगाए कि आगासौद पुलिस दूसरे राज्यों से आ रहे लोगों के चरित्र प्रमाण पत्र बनाकर दे रही है। जबकि नियमानुसार यह गलत है, क्योंकि चरित्र प्रमाण पत्र कर्मचारियों को संबंधित थाने से बनवाना चाहिए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि फर्जी चरित्र प्रमाण पत्र पर बाहर के हजारों लोग रिफाइनरी में काम कर रहे हैं, इसका बात की क्या गारंटी है कि उनका आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है। ज्ञापन के माध्यम से चेतावनी दी है कि यदि चारों मांगों पूरा नहीं किया तो शहर में रिफाइनरी के खिलाफ उग्र आंदोलन किया जाएगा।



### हर्षिता जैन जयपुर में सम्मानित



**बीना जागरण।** जयपुर में आयोजित नव उदय साहित्यिक-सांस्कृतिक सम्मान समारोह 2025 में साहित्य, गायन, नृत्य एवं कला के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए हर्षिता जैन को संत मीराबाई नव उदय सम्मान से सम्मानित किया। समारोह में देशभर से चयनित लगभग 250 प्रतिभागियों को विभिन्न विधाओं में सम्मान प्रदान किया। कार्यक्रम में उपस्थित साहित्यकारों एवं कला प्रेमियों ने हर्षिता जैन की रचनात्मक सक्रियता और सांस्कृतिक योगदान की सराहना की। मंच से उन्होंने राजस्थानी नृत्य घूमर, कविता पाठ एवं राजस्थानी गायन की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। उनकी नृत्य प्रस्तुति ने दर्शकों को विशेष रूप से मंत्रमुग्ध किया।

## पुष्पवर्षा कर कलश यात्रा का किया स्वागत

**बीना जागरण।** देव रघुनाथ बड़े मंदिर में गुरुवार को श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। कथा से पहले मां जागेश्वरी मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें पारंपरिक वेशभूषा में महिलाएं और युवतियां कलश धारण किए हुए थीं। बुंदेलखंड के प्रसिद्ध संत पंडित विपिन बिहारी दास ने कथा के पहले दिन युवाओं से अपील की कि वे अंग्रेजी नए साल पर पार्टी न करें, बल्कि मंदिर में प्रार्थना और भजन से इसकी शुरुआत करें। सात दिवसीय कथा के लिए बीना पहुंचे कथावाचक पंडित विपिन बिहारी दास का खुरई रोड पर भक्तों ने स्वागत किया। इसके बाद वे मां जागेश्वरी मंदिर पहुंचे और दर्शन किए। मंदिर के पुजारी लक्ष्मीकांत तिवारी, मंदिर समिति के अध्यक्ष दिनेश पाठक, समिति के सदस्यों, राधे-राधे प्रभात फेरी मंडल, नरसिंह हिंदू संगठन और गो सेवा समिति के सदस्यों ने उनका स्वागत किया। कलश यात्रा मां जागेश्वरी मंदिर से प्रारंभ हुई। यह पुलिस थाने के पीछे से होते हुए सर्वोदय चौराहा, अंबेडकर तिराहा से कथा स्थल देव रघुनाथ बड़े मंदिर परिसर पहुंची। कथावाचक पंडित विपिन बिहारी दास स्वयं भक्तों के साथ कलश यात्रा में चल रहे थे। शहरवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। पंडित विपिन बिहारी दास ने युवाओं से विशेष आग्रह किया कि वे नए साल पर शराब, मादक पदार्थ या किसी भी प्रकार की नशे की पार्टी से बचें। उन्होंने कहा कि मंदिर में जाकर प्रार्थना और भजन करने से इसका फायदा अवश्य मिलेगा। उन्होंने लोगों को अधिक से अधिक भगवान का स्मरण करने की सलाह दी, यहां तक कि व्यस्तता के बावजूद 24 घंटे में कम से कम 22 मिनट भगवान के नाम का स्मरण और भजन करने का सुझाव दिया।



## गुरू गोबिंद सिंह का प्रकाश पर्व मनाया

**बीना जागरण।** गुरु गोविंद सिंह का 359वां प्रकाश पर्व गुरुद्वारा कलगीधर साहिब में धूमधाम से मनाया। सुबह 7 बजे गुरुद्वारे से प्रभात फेरी निकाली जो शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए वापस गुरुद्वारे पर संपन्न हुई। गुरुद्वारा समिति के सदस्य जसविंदर सिंह ने बताया कि प्रभात फेरी के साथ मुंबई से आए रागी जत्थे में शामिल जोगिंदर सिंह खालसा द्वारा दोपहर 1 से 3 बजे तक शबत कीर्तन कराया। इस दौरान उन्होंने गुरु गोविंद सिंह, उनके पिता गुरु तेगबहादुर सिंह और चारों साहिबजादे अजीत सिंह, जुझार सिंह, जोरावर सिंह और फतेह सिंह के जीवन पर प्रकाश डाला। साथ ही गुरु की अरदास हुई। दोपहर 3 बजे के बाद लंगर बरताया। शाम 7 बजे से बच्चों का कवि दरबार लगाया, जिसमें बच्चों ने गुरु गोविंद सिंह के जीवन पर कविता का पाठ किया। साथ ही गुरुद्वारा साहिब के ग्रंथी जशवंत सिंह, रणवीर सिंह ने कीर्तन कराया। कार्यक्रम के आखिर में बच्चों को पुरस्कार दिए हैं।



## शासकीय चिकित्सालय में 23 यूनिट रक्तदान कर दिया संदेश

**बीना जागरण।** स्वास्थ्य सेवा संगठन के तत्वधान में गुरूवार को नववर्ष के उपलक्ष्य में विशाल रक्दान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन सेवा संगठन के अध्यक्ष मनीष सिंघई द्वारा किया गया। मनीष सिंघई ने जानकारी देते हुये बताया कि शिविर में 23 यूनिट रक्त का दान रक्तदाताओं द्वारा किया गया। शिविर का आयोजन सुबह 9 बजे से प्रारंभ किया गया जो शाम तक चलता रहा। शिविर के बाद रक्तदाताओं को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। रक्तदान करने वालों में आशीष हुरकट, संजय जैन, राहुल समैया, वैभव चौरसिया, डॉ.वीरेन्द्र ठाकुर, महावीर जैन सहित कई लोगों ने अपना रक्त दान किया। मनीष सिंघई ने बताया कि लोगों द्वारा किया गया रक्तदान खुरई स्थित ब्लड बैंक में रखा गया है जो जरूरतमंद लोगों को समय पर मिल सके और लोगों की जिंदगियां बचाई जा सके।



## न्यूज कार्नर

### कूजा के सरपंच पद के लिए आज होगी मतगणना

**जागरण, सिरोंज।** राज्य निवार्चन आयोग द्वारा पंचायत उप निवार्चन 2025 के तहत ग्राम पंचायत कूजा के सरपंच पद के लिये आज तहसील कार्यालय में मतगणना होगी। मिली जानकारी अनुसार आज शुक्रवार को सुबह आठ बजे से मतगणना होगी जिसमें कूजा ग्राम पंचायत में दो मतदान केन्द्रों पर 29 दिसंबर को 75.88 फीसदी मतदान हुआ था। मतगणना दो राउंड में एक टेबल पर होगी जिसमें एक मतगणना पर्यवेक्षक व एक मतगणना सहायक मतगणना करेंगे। सहायक निर्वाचन अधिकारी तहसीलदार संजय चौरसिया व सहायक निर्वाचन अधिकारी नायब तहसीलदार विकास अग्रवाल मौजूद रहें। मतगणना कक्ष में अभ्यर्थी का सिर्फ एक गणना अभिकर्ता ही प्रवेश कर सकेंगे। कूजा ग्राम पंचायत में सरपंच पद के लिये तीन अभ्यर्थी मैदान में है। जिसमें आकिब, आरिफ व शिवराज शामिल है। मिली जानकारी अनुसार ग्राम पंयायत कूजा में कुल 1248 मतदाताओं मे से दोनों मतदान केन्द्रों पर 947 मतदाताओं ने मतदान किया था। तहसीलदार संजय चौरसिया ने बताया कि मतगणना की पूरी तैयारी कर ली गई है।

### दीनदयाल पार्क सहित धार्मिक स्थलों पर उमड़ी सैलानियों की भीड़

**जागरण, सिरोंज।** नये वर्ष के उपलक्ष्य में गुरूवार को दिन भर युवाओं में नये वर्ष की काफी खुशी मनाने की तैयारी करते हुऐ दिखाई गई। साथ ही सोशल मीडिया पर बधाई संदेश देने के साथ ही युवाओं का नये वर्ष पर लटेरी रोड स्थित दीनदयाल पार्क सहित डांगवाली महामाई माता मंदिर प्रागंण में सैलानियों की काफी भीड़ उमड़ी रही है और युवाओं ने घूमकर नये साल की खुशी मनाई गई और कई लोगों ने नए वर्ष पर धार्मिक स्थल मंदिरो में पहुंचकर भगवान के दर्शन कर नये साल की शुरूआत की गई।

### सेवानिवृत्ति पर पुलिस अधिकारियों को सम्मान सहित विदाई

**अशोकनगर।** पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिला पुलिस बल अशोकनगर में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक राधाकृष्ण शर्मा एवं सउनि रमेशचंद शाक्य की अधिवार्षिकी आयु पूर्ण होने पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में दोनों सेवानिवृत्त अधिकारी अपने परिवारजनों सहित उपस्थित थे। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा ने दोनों अधिकारियों को शाल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह एवं उपहार भेंट कर शुभकामनाएं दी।

### शिव महापुराण कथा के पूर्व निकाली कलश यात्रा



**बरेली।** नगर के मारुति नगर स्थित शिव मंदिर पर आयोजित होने वाले सप्त दवसीय श्री शिव महापुराण कथा प्रारंभ से पूर्व भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई जो नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए कथा स्थल पहुंची। कथा का आयोजन श्री राधा महिला मंडल के तत्वाधान में किया जा रहा है। कथा 1 जनवरी से प्रारंभ होकर 7 जनवरी को कथा विश्राम होगा। कथा प्रतिदिन 1 बजे से 5 तक जिसमें कथा व्यास अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक सुनीता देवी के मुखारविंद से शिव भक्ति की अमृतधारा प्रवाहित होगी । शोभा यात्रा में महिलाएं पितांबरी वस्त्र धारण कर सर पर मंगल कलश लेकर चल रही थी तो वहीं ढोल नगड़े और भजनों और जयघोष के साथ पूरा वातावरण धर्ममय दिखाई दे रहा था।

### जमुनिया उचेरा में चल रही संगीतमय भागवत कथा

**सिलवानी।** ग्राम जमुनिया उचेरा में आयोजित सप्तदिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के चतुर्थ दिवस पर श्रद्धा और भक्ति का अनुपम वातावरण देखने को मिला। कथा व्यास पं.हितेश कृष्ण शास्त्री ने ओजस्वी प्रवचनों में सनातन धर्म को विश्व का सर्वश्रेष्ठ और कल्याणकारी धर्म बताया। उन्होंने कहा कि सनातन परंपरा में मनुष्य के साथ-साथ जीव-जंतु, नदियों और वृक्षों का भी सम्मान व पूजन किया जाता है। शास्त्री जी ने स्पष्ट किया कि सनातन धर्म में जातिवाद नहीं, बल्कि कर्म आधारित वर्ण व्यवस्था है, जिसमें सभी वर्ण एक परिवार के समान हैं। समाज की वर्तमान स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने मर्यादा और धर्मपालन से रामराज्य की स्थापना संभव होने की बात कही।
इस अवसर पर श्रीराम प्राकट्य उत्सव एवं श्रीकृष्ण जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। भजन-कीर्तन के बीच बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# आस्था के साथ नए वर्ष का आगाज, मंदिरों में उमड़ा जनसैलाब





**जागरण, गंजबासौदा।**

अंग्रेजी कलेण्डर के हिसाब से नववर्ष की शुरूआत हो गई और देर रात से ही लोगों ने सोशल मीडिया और एक-दूसरे को हेप्पी न्यू हेयर की बधाई देना शुरू कर दिया और यह सिलसिला अगले दिन तक चलता रहा। गुरूवार को कई लोग मंदिरों में दर्शन करने पहुंचे तो कई लोग पार्टियां करते देखे गए।

शहर से लगभग 16 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम उदयपुर में नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। दोपहर तक करीब 8 से 10 हजार भक्त भगवान शिव के दर्शन कर चुके थे। शाम तक यह संख्या 20 से 25 हजार तक पहुंचने का अनुमान है। वहीं गमाकर के शिवधाम मंदिर में सैकड़ों श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचे। नीलकंठ महादेव मंदिर के साथ-साथ प्राचीन मुरादपुर हनुमान मंदिर में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। स्थानीय लोगों के अनुसार हर साल नए साल पर हजारों भक्त मंदिरों में दर्शन के लिए आते हैं और इस वर्ष भी यही नजारा देखने को मिला। नियमित रूप से दर्शन करने वालों की संख्या में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई।

श्रद्धालुओं की संख्या अधिक होने के कारण प्रशासन की ओर से सुरक्षा और व्यवस्था के विशेष इंतजाम किए गए थे। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए मंदिर परिसर में बैरिकेड लगाए गए और प्रवेश व निकास के लिए अलग-अलग रास्ते बनाए गए। पुलिस बल रहा तैनात

शहर थाना निरीक्षक संजय वेदिया ने बताया कि नए साल को ध्यान में रखते हुए मंदिरों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया था। बैरिकेडिंग के जरिए व्यवस्था बनाई गई, ताकि श्रद्धालु बिना किसी परेशानी के सुरक्षित रूप से दर्शन कर सकें।

# आदिवासी बस्ती में पहुंचकर मनाया केन्द्रीय मंत्री सिंधिया का जन्मदिन



**जागरण, गंजबासौदा।**

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के जन्म दिवस पर जिला उपाध्यक्ष शैलेंद्र रघुवंशी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने आदिवासी बस्ती आजाद नगर में आदिवासी बच्चों के बीच पहुँचकर सेवा दिवस के रूप में उत्साह पूर्वक मनाया। इस दौरान सभी बच्चों को टॉफियां, फल एवं बिस्किट प्रदान किए गए। साथ ही सभी बच्चों से प्रश्न-उत्तर के माध्यम से ज्ञानवर्धक प्रतियोगिता रखी गई। सभी बच्चों को सिंधिया जी के राजनीतिक जीवन एवं सिंधिया राजवंश के इतिहास के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। इस दौरान डॉ. शैलेंद्र सिंह फतेहपुर, विजय सिंह, संतोष मेहता, हेमंत सिंह सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सभी आदिवासी बच्चों के माता-पिता उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं ने इस दिन को केवल उत्सव नहीं बल्कि 'सेवा दिवस' के रूप में मनाकर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई। आजाद नगर स्थित आदिवासी बस्तियों में पहुंचकर फल, बिस्किट और टॉफियों का वितरण किया गया।

साथ ही बच्चों के लिए सवाल-जवाब का सत्र रखा गया। बच्चों को सिंधिया राजवंश के गौरवशाली इतिहास और ज्योतिरादित्य सिंधिया के राजनीतिक सफर से परिचित कराया गया।

**नए वर्ष में मां के चरणों में आस्था की हाजिरी, चुनरी यात्रा ने पूरे किए 25 वर्ष**

# 25 साल की तपस्या, सेवा और संकल्प मां शारदा सेवा मंडल की अनुपम परंपरा

**जागरण, गंजबासौदा।**

आस्था जब परंपरा बन जाए और सेवा संकल्प का रूप ले ले, तब यात्राएं केवल दूरी नहीं तय करतीं, बल्किसनातन धर्म में श्रद्धा और भक्ति के साथ पीढ़ियों को भी जोड़ने का संदेश देती हैं। कुछ ऐसा ही दृश्य मां शारदा की नगरी मैहर में देखने को मिला, जहां नगर के मां शारदा सेवा मंडल की 31 दिसंबर को चुनरी यात्रा के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती समारोह श्रद्धा, भक्ति और सेवा भाव के साथ संपन्न हुआ। 1 जनवरी को कन्या पूजन और भंडारे के साथ नए वर्ष की पहली वंदना मां शारदा के चरणों में अर्पित करते हुए श्रद्धालुओं ने एक स्वर में कहा कि 'जग रूठे तो रूठे, मैहर वाली न रूठे। 25 वर्षों से निरंतर मैहर धाम तक पहुंच रही है, यह आस्था से भरी भक्ति यात्रा का आयोजन केवल धार्मिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि विश्वास, अनुशासन और सामाजिक समरसता का प्रतीक बन चुका है। रजत जयंती वर्ष में इस यात्रा को और भी व्यापक स्वरूप मिला। इस वर्ष 300 यात्रियों का जत्था मां की चुनरी लेकर मैहर धाम पहुंचा। यात्रा की विशेषता यह रही कि यात्री क्रमांक एक से लेकर अंतिम यात्री तक सभी श्रद्धालुओं ने मां की भेंट गाते हुए पैदल यात्रा पूरी की। जयकारों, भजनों और शंखनाद के बीच श्रद्धालु मां शारदा के मंदिर भवन तक पहुंचे। इस अवसर पर मां शारदा सेवा मंडल के संस्थापक मनीष अरोरा का मैहर के नागरिकों द्वारा चुनरी यात्रा के 25 वर्ष पूर्ण होने पर विशेष रूप से सम्मान किया गया। मैहर के केसरवानी वैश्य समाज



की ओर से अध्यक्ष दुर्गा गुप्ता, महामंत्री अशोक व अभिलाषा गुप्ता, कोषाध्यक्ष गगन गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, ईशु-सुरभि गुप्ता, ओशो-करिश्मा गुप्ता, आयुषी-सत्यम (नागपुर) द्वारा शाल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर मनीष अरोरा का सम्मान किया गया। मां शारदा सेवा मंडल द्वारा मैहर यात्रा के तीर्थ यात्रियों का रजत अभिनंदन पत्र देकर सम्मान किया गया। दो दिवसीय इस धार्मिक कार्यक्रम में नगर के अलावा विदिशा, भोपाल, इंदौर, जबलपुर, बैरसिया, प्रयागराज, बनारस,अमरावती, महाराष्ट्र नागपुर, रीवा, मैहर,बैतूल सहित मंडल से जुड़े हुए अन्य जिलों देवी भक्ति भी सम्मिलित हुए। भंडारे में 5 हजार से अधिक श्रद्धालुओं को गुलाब जामुन, पूड़ी, सब्जी, हलवा चना, सेव, की प्रसादी बांटी गई।

**कन्या पूजन और मां शारदा को विशेष भेंट:** 1 जनवरी को नए वर्ष की पहली सुबह मां शारदा के चरणों में विशेष पूजन के साथ हुई। इस अवसर पर पूजा के दो थाल सजाए गए, एक थाल में मां की श्रृंगार सामग्री और दूसरे थाल में कन्या पूजन की सामग्री रखी गई। मां शारदा के दरबार में 12 कन्याओं का पूजन किया गया। कन्याओं को नवीन वस्त्र एवं चुनरी धारण कराई गई, उनका विधिवत पूजन कर उन्हें भोजन कराया गया। श्रद्धालुओं ने इसे नए वर्ष की सबसे शुभ शुरुआत बताया। मंदिर परिसर में पहुंचकर देवी मां को चुनरी अर्पण की गई। पूजन-अर्चन पंडित शिव ओम दुबे शास्त्री, पं लक्ष्मीनारायण शर्मा, पं हरि नारायण शर्मा द्वारा वैदिक विधि-विधान से संपन्न कराया। मंदिर में 25 फीट ऊंची धर्म ध्वजा मंदिर के शिखर पर अर्पित की गई।

### श्याम जागरण ग्रुप ने शानदार देवी भजनों की दी प्रस्तुति

31 दिसंबर की रात्रि को आयोजित श्याम जागरण ने आयोजन को और भी भव्य बना दिया। श्री श्याम जागरण ग्रुप, गंजबासौदा द्वारा प्रस्तुत भक्ति संध्या में एक से बढ़कर एक देवी भक्ति के गीतों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में ग्रुप के नरेश बैरागी (डायरेक्टर),रवि नेमा, नीरज शर्मा (सिरोंज) लेखराज सेन (भोपाल), बॉबी श्रीवास्तव (इंदौर), विपुल चौबे (काशी), राहुल राजपूत (बासौदा), यश नरेश बैरागी बासौदा, सीताराम विश्वकर्मा, सोमिल शर्मा (सिरोंज) ने अपनी प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। देवी के जस, माता की महिमा और भक्ति गीतों पर पंडाल में बैठे श्रोता अपने आप को झूमने-नाचने से नहीं रोक पाए। पूरा पंडाल जय मां शारदा के जयकारों से गूंज उठा।

# भक्ति मार्ग ही ईश्वर से जुड़ने का सरल रास्ता है : महेश पुरी गोस्वामी



**जागरण, गंजबासौदा।**

जब जब संत जगत में आते हैं राम नाम का गुणगान कर जीवन की नैया पार करते हैं। उक्त वाक्य स्वामी कमलपुरी गोस्वामी ने 1008 सतगुरु स्वामी सुमेर पुरी महाराज की 68वीं बरसी महोत्सव के कार्यक्रम में सिन्धी कालोनी मन्दिर में व्यक्त किए। उक्त कार्यक्रम में इंदौर से आए महेशपुरी गोस्वामी ने भी अपनी वाणी से कथा में भजनों के माध्यम से कृतार्थ किया। उन्होंने कहा कि जब इंसान के पास सुख होता है तब सब पास होते हैं और जब दुख आता है अपने ही दूर हो जाते हैं उस वक्त सिर्फ प्रभु और सतगुरु ही साथ होते हैं अगर गुरु नहीं होते तो ज्ञान कैसे प्राप्त होता। अपनी वाणी को आगे बढ़ाते हुए कहा कि बिना सेतू के सागर को भी लान्घ सके न राम लान्घ गए हनुमान उसी को लेकर राम का नाम -राम से बड़ा राम का नाम, रामसेतु के बारे में और भी विस्तार से अपनी बात रखते हुए कहा कि राम नाम के पत्थर भी तैरते हैं। कथा कीर्तन भजन के पश्चात आरती अरदास कर लंगर प्रसादी का कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान लालचंद वासवानी, सत्यपाल तनवानी, जमीयत राय तनवानी, नानक मामा, भागचंद वासवानी, कन्हैया लाल वासवानी, मूलचंद घिघानी, सुरेश तनवानी, प्रदीप खटवानी, किशोर उधाणी, दिलीप तनवानी आदि मौजूद रहे।

# कलेक्टर विश्वकर्मा ने दी नववर्ष की शुभकामनाएं

### नवीन वर्ष सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और सफलता की नई किरण लेकर आए



**जागरण, रायसेन**

कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा ने नववर्ष 2026 के शुभ अवसर पर जिलेवासियों, अधिकारियों-कर्मचारियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने सभी के स्वास्थ्य, उन्नति और समृद्धि की मंगल कामना करते हुए कहा कि यह नवीन वर्ष नए संकल्पों, नई ऊर्जा और नए अवसरों का प्रतीक है। जिले में शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वरोजगार, अधोसंरचनाएं सहित विभिन्न क्षेत्रों में कार्यो में तेजी लाकर जिले की विकास की गति बढ़ाई जाएगी। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन कर और अधिक सुगमता से आमजन तक पहुंचाया जाएगा।

कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने जिले के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह नवीन वर्ष सभी के जीवन में जोश, उम्मीद और सफ्लता की नई किरण लेकर आए। आपके परिवार में भी सुख समृद्धि मिले, सफ्लता मिले और सभी परिवारजन भी सुखद रहें। इस नववर्ष में अपने दायित्वों, कर्तव्यों के प्रति सदैव सजग रहें तथा और अधिक ऊर्जा के साथ जिले के विकास के लिए कड़ी मेहनत, लगन के साथ कार्य करें। उन्होंने अधिकारियों, कर्मचारियों से कहा कि सुशासन की दिशा में हमें मिलकर कार्य करना है। आमजन के लिए अपने कार्यालय के अनुभव हम किस प्रकार बेहतर बना सकते हैं, इस दिशा में कार्य करें। सरकार की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने में हमारी महत्वपूर्ण भूमिका है, योजनाओं के क्रियान्वयन में ध्यान दें। कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने कहा कि समय प्रबंधन बेहतर होगा तो कार्य भी सुगमता से होंगे। अधिकारी, कर्मचारी अपनी डेस्क के कार्यो की प्राथमिकता तय करें और कार्यो को गति दें। कार्यालय में अनुशासन रहे, बैठक व्यवस्था, रिकार्ड संधारण व्यवस्थित हो। सही कार्य को बिना रोके-टोके तत्काल करें।

**नववर्ष के पहले दिन रामलीला मेले में उमड़ा जन-सैलाब, लोगों ने मेले में जमकर की खरीदी**

# रामलीला मैदान में भक्ति और उत्साह का संगम, अंगद की हुंकार से गूंजा मैदान

**जागरण, रायसेन**

शहर के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में आयोजित वार्षिक रामलीला मेले में नववर्ष के पहले दिन जबरदस्त भीड़ देखने को मिली। शहर के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में महिलाए पुरुष और बच्चे मेला देखने पहुंचे। नववर्ष की छुट्टी और उत्सव के माहौल के चलते पूरा मेला परिसर लोगों से खचाखच भरा रहा।



मेले में पहुंचे लोगों ने जमकर खरीदारी की। खिलौने, घरेलू सामान, सजावटी वस्तुएं, कपड़े और खाने-पीने के स्टॉलों पर दिनभर रौनक बनी रही। बच्चों ने झूलों, चरखियों और मनोरंजन के अन्य साधनों का भरपूर आनंद लिया, वहीं युवाओं और बुजुर्गों ने मेले की चहल-पहल और सांस्कृतिक वातावरण का लुत्फ उठाया। लगभग एक माह तक चलने वाला यह रामलीला मेला अब अपने पूरे शबाब पर पहुंच चुका है और प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग यहां पहुंच रहे हैं। रामलीला मैदान में प्रतिदिन हो रहा मैदानी मंचन मेले का प्रमुख आकर्षण बना हुआ है। स्थानीय कलाकारों द्वारा रामलीला के विभिन्न प्रसंगों का जीवंत अभिनय किया जा रहा है, जिसे देखने के लिए दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ रही है। मंचन के दौरान संवाद, वेशभूषा और संगीत दर्शकों को भावविभोर कर रहे हैं।

### आज होगी लक्ष्मण शक्ति की लीला

आयोजकों ने बताया कि शुक्रवार को लक्ष्मण शक्ति की लीला का मंचन किया जाएगा, जिसे लेकर दर्शकों में खासा उत्साह है। मेले के दौरान सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर भी विशेष इंतजाम किए गए हैं, ताकि श्रद्धालु और दर्शक मेले का आनंद सुरक्षित रूप से उठा सकें।

### अंगद और रावण संवाद की प्रभावशाली प्रस्तुति ने मोहा मन

गुरुवार को अंगद और रावण संवाद की भव्य और प्रभावशाली प्रस्तुति दी गई। लीला के अनुसार भगवान राम के संदेशवाहक के रूप में अंगद रावण की सभा में पहुंचे। अंगद ने रावण को राजनीति, धर्मनीति, लोकमत और दंड-भेद के माध्यम से समझाने का प्रयास किया और माता सीता को लौटाने की सलाह दी। उन्होंने समझाया कि अहंकार और अधर्म का मार्ग विनाश की ओर ले जाता है, लेकिन रावण अपने अहंकार में डूबा रहा और अंगद की किसी भी बात को स्वीकार नहीं किया। जब रावण नहीं माना, तब अंगद ने शत्रु की शक्ति का आकलन करने के लिए सभा में अपनी वीरता का प्रदर्शन किया। उन्होंने सभा में अपना पैर जमा दिया और रावण को चुनौती दी कि यदि उसकी सेना का कोई वीर उस पैर को हिला सके, तो भगवान राम लंका से लौट जाएंगे। अन्यथा रावण के कुल का विनाश निश्चित है। अंगद-रावण के इस वीर रस से ओत-प्रोत संवाद ने दर्शकों में रोमांच भर दिया। तालियों की गड़गड़ाहट के बीच दर्शकों ने कलाकारों के दमदार अभिनय की खूब सराहना की।

# सांची स्तूप और सतधारा में नववर्ष की धूम

**जागरण, रायसेन/सलामतपुर**

नववर्ष 2026 के पहले दिन का स्वागत लोगों ने अपने-अपने अंदाज में किया। कहीं मंदिरों में देव दर्शन किए गए तो कहीं परिवार और मित्रों के साथ सैर-सपाटा और पिकनिक मनाई गई। विश्व प्रसिद्ध पर्यटन नगरी सांची में नववर्ष के अवसर पर भारी भीड़ देखने को मिली। शाम तक यहां करीब 15 हजार से अधिक पर्यटक पहुंच चुके थे, जिनमें आसपास के जिलों के साथ-साथ प्रदेश, देश और विदेशी सैलानी भी शामिल रहे।

गुरुवार को ऐतिहासिक पर्यटन स्थल सांची स्तूप और सतधारा स्तूप में नववर्ष का उत्साह चरम पर नजर आया। वर्ष 2026 को यादगार बनाने के लिए लोग परिवार सहित बड़ी संख्या में सांची और सतधारा स्तूप पहुंचे, जहां मेले जैसा माहौल बना रहा। भगवान बुद्ध की पावन स्थली सांची में सुबह से ही पर्यटकों का



तांता लगा रहा। विदिशा, रायसेन, भोपाल, इंदौर सहित विभिन्न शहरों से आए सैलानियों ने स्तूप परिसर में टिफिन पार्टी, सेल्फी और फोटोग्राफी का भरपूर आनंद लिया। पर्यटकों की भारी भीड़ के कारण स्तूप पहाड़ी की ओर जाने वाले मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। कई वाहनों को नीचे ही पार्क कराया गया, जिससे बड़ी संख्या में पर्यटकों को पैदल स्तूप तक जाना पड़ा। टिकट खिड़की पर भी लंबी कतारें देखने को मिलीं। स्तूप कर्मचारियों के अनुसार सांची स्तूप में करीब 5 से 10 हजार और सतधारा स्तूप में 500 से 800 पर्यटक पहुंचे। नववर्ष के अवसर पर पुलिस व प्रशासन की विशेष व्यवस्था रही, जिससे पूरा दिन शांतिपूर्ण और उत्साहपूर्ण माहौल बना रहा।

### मंदिरों में पूजा-अर्चना व सैर-सपाटे के साथ मना नया साल

**सिलवानी।** नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में नववर्ष का आगमन श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ मनाया गया। 1 जनवरी को बड़ी संख्या में लोगों ने नए साल की शुरुआत मंदिरों में पूजा-अर्चना कर की, वहीं कई परिवारों व युवाओं ने सैर-सपाटा, पार्टी और पिकनिक का आनंद लिया। नववर्ष के अवसर पर श्रद्धालु सोजनी धाम, मां विजयासन मंदिर, झिरिया मंदिर, सलकनपुर, छींद धाम एवं बापौली धाम सहित अन्य धार्मिक स्थलों पर पहुंचे और भगवान के दर्शन कर मत्था टेका। मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी, जिससे कई स्थानों पर लंबी कतारें देखने को मिलीं। सैकड़ों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने सुख-समृद्धि और मनोकामना पूर्ति के लिए पूजा-अर्चना की। कुछ श्रद्धालुओं द्वारा मंदिर प्रांगण में भंडारों का आयोजन भी किया गया, जहां भक्तों ने प्रसादी ग्रहण की।

# कार्यकर्ता एवं सहायिका के 79 पदों पर भर्ती 10 तक

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 22 तथा सहायिका के 57 पदों के लिए विज्ञप्ति जारी

**जागरण, रायसेन**

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रदेश के विभिन्न जिलों सहित रायसेन जिले की बाल विकास परियोजनाओं में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं आंगनवाड़ी सहायिका के रिक्त पदों की पूर्ति के लिए पात्र महिलाओं से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

जिले में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के 22 तथा सहायिका के 57 पदों के लिए विज्ञप्ति जारी की गई है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि आवेदन प्रक्रिया 31 दिसंबर 2025 से प्रारंभ हो चुकी है, जिसकी अंतिम तिथि 10 जनवरी 2026 निर्धारित है। आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार 12 जनवरी 2026 तक किया जा सकेगा। आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे। आवेदिका का उसी ग्राम या नगरीय वार्ड की निवासी होना अनिवार्य है, जहां पद रिक्त है। न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 12वीं उत्तीर्ण तथा 1 जनवरी 2025 की स्थिति में आयु 18 से 35 वर्ष निर्धारित की गई है। आवेदन के समय सभी आवश्यक प्रमाण पत्र पीडीएफ प्रारूप में अपलोड करना अनिवार्य होगा। विस्तृत जानकारी चयन पोर्टल एवं विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध है। आवेदक निर्धारित समयसीमा में आवेदन कर सकते हैं।

## न्यूज कार्नर

### कल सिविल लाइन थाने में होगी वाहनों की खुली नीलामी

**विदिशा।** पुलिस थानों में जब्त वाहनों की समस्या के समाधान के लिए पुलिस विभाग ने ठोस कदम उठाए हैं। इसी के तहत सिविल लाइन थाना परिसर में 3 जनवरी को 149 वाहनों की खुली नीलामी आयोजित की जाएगी। इससे पहले कोतवाली थाने में हुई दोपहिया वाहनों की नीलामी से लगभग 10 लाख रुपए का रिकॉर्ड राजस्व प्राप्त हुआ था। नीलामी में विभिन्न प्रकरणों में जब्त और लावारिस हालत में मिले कुल 149 दोपहिया वाहन शामिल हैं। इनमें बजाज स्कूटर, हीरो, हीरो पंच, राजदूत और टीवीएस जैसी कंपनियों की गाड़ियां हैं। इन वाहनों की आधार कीमत एक हजार रुपए से लेकर साढ़े चार हजार रुपए तक निर्धारित की गई हैए जिससे आम जनता को कम कीमत पर वाहन खरीदने का अवसर मिलेगा। पुलिस अधिकारियों के अनुसार पहले जब्त वाहनों को लॉट में बेचने से अपेक्षित कीमत नहीं मिल पाती थी। इस समस्या को देखते हुए खुली बोली की व्यवस्था शुरु की गई, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। कोतवाली थाने में कुल 168 जब्त वाहनों में से 158 की सफलतापूर्वक नीलामी हुई थी, जिसमें कई वाहन अपनी मूल कीमत से दस गुना अधिक दाम पर बिके। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने बताया कि जिले के विभिन्न थानों में एक हजार से अधिक जब्त वाहन मौजूद हैं। सभी कानूनी प्रक्रियाएं पूरी होने के बाद चरणबद्ध तरीके से अन्य थानों में भी नीलामी कराई जाएगी। इस पहल से थानों में जगह की समस्या दूर होगी और सरकारी खजाने में भी राजस्व की वृद्धि होगी।

### दलहन उत्पादन में जिले को आत्मनिर्भर बनाने कमेटी गठित

**विदिशा।** विदिशा जिले में दलहनी फसले चना, मूंग, उड़द आदि के उत्पादन में वृद्धि तथा जिले को दाल उत्पादन में आत्म निर्भर बनाने हेतु कलेक्टर अंशचल गुप्ता की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है जिसमें कलेक्टर के साथ-साथ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, कृषि एवं संबद्ध विभाग, कृषि महाविद्यालयए नाबार्डएफर्म प्रोड्यूसर कंपनी, उन्नत कृषक आदि को सम्मिलित किया गया है। इस कमेटी का दायित्व होगा कि जिले को दलहन उत्पादन एवं उत्पादकता में कैसे आगे बढ़ाया जाए, उसके लिए प्लान तैयार करना। कृषकों को बीज वितरणए प्रदर्शन, कृषक प्रशिक्षण आदि के माध्यम से उन्नत तकनीक सिखाना। जिले का प्लान तैयार किया जाकर उसको पूरे जिले में लागू करना तथा समय.समय पर इसका प्रगति की निगरानी एवं मूल्यांकन करना इस समिति का दायित्व होगा। यह समिति राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार से समन्वय कर आवश्यक जिम्मेदारियां का निर्वहन भी करेगी।

### जीतू पटवारी आज रहेंगे विदिशा दौरे पर

**विदिशा।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी का आज 2 जनवरी को विदिशा जिले का दौरे पर रहेंगे। इस दौरान दोपहर 1 बजे ग्राम ठर्र पहुंचेंगे। जहों ग्राम पंचायत कांग्रेस कमेटी गठन कार्यक्रम में सम्मिलित होकर इसी तरह दोपहर 2 बजे वे ग्राम अहमदपुर में आयोजित संगठनात्मक बैठक एवं समिति गठन कार्यक्रम में भाग लेंगे। दौरे के दौरान स्थानीय पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ संगठन विस्तार, आगामी रणनीति तथा जनसंवाद को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा करेंगे।

# नए वर्ष के लिए दिशा , युवाओं में रही उमंग




## पुलिस भी रही सक्रिय, रात भर सड़क पर रहा पहरा, गुंडे-बदमाशों की हुई तलाशी

# नया वर्ष मनाने का ट्रेंड बदला

# धर्म के प्रति बढ़ी आस्था मंदिरों और पर्यटन स्थलों पर सपरिवार पहुंचकर मनाई खुशियां



**जागरण विदिशा।** यहां मंदिरों में जाकर श्रद्धालुओं ने टेका मत्था, खुशहाली की कामना की।



**जागरण विदिशा।** पर्यटन स्थल उदयगिरी में लोगों ने मनाया नया साल।



**जागरण विदिशा।** नया साल पर पुलिस भी रही अलर्ट मोड पर, की कांबिग गश्त।

**जागरण विदिशा**

नव वर्ष मनाने के तरीकों में इस बार कुछ बदलाव सा नजर आया है। विभिन्न स्थानों पर पार्टियों , जश्न, धींगामस्ती से हटकर वर्ष 2026 की शुरूआत ज्यादातर धार्मिक स्थलों पर पूजन पाठ एवं पर्यटन व रमणीक स्थलों पर सपरिवार पहुंचकर नए वर्ष की खुशियां मनाने से हुई है। सुबह से शहर सहित जिले के धार्मिक स्थलों पर लोगों की खासी भीड़ रही। भगवान के दर्शन पूजन एवं नए संकल्प के साथ नया वर्ष मनाने का उत्साह दिखाई दिया तो वहीं पर्यटन एतिहासिक स्थलों पर भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और नए वर्ष की खुशी मनाई। नए वर्ष में कोई अनहोनी न हो इसके लिए पुलिस भी सक्रिय बनी रही और पूरी रात सड़क पर गश्त करती रही। इस दौरान गुंडा बदमाशों की तलाशी, अपराधियों पर नजर,अवैध शराब की धरपकड़ जैसी कार्रवाई के चलते नया वर्ष का पहला दिन उत्साह एवं शांति के साथ बीता। पूर्व वर्षों की तरह सड़कों पर तेज रफ्तार से भागते खेत खलियानों में पार्टियां मनाते युवक नजर नहीं आए। कहीं से कोई अप्रिय घटना व बाद विवाद जैसे मामले भी सुनने देखने को नहीं मिले और साल का पहला दिन ज्यादातर लोगों का स्थानीय एवं अन्य नगरों में धार्मिक स्थलों की तरफ रूझान रहा। शहर में भी कई मंदिरों में धार्मिक आयोजन होते रहे। जिनमें युवाओं की अच्छी उपस्थिति देखने को मिली।

### नए वर्ष में जनसहयोग से अपराध नियंत्रण की तैयारी

इसी के साथ ही पुलिस ने नए वर्ष में जनसहयोग से अपराध नियंत्रण की तैयारी की है। इसके तहत सीसीटीवी पर विशेष जोर दिया जाएगा। पुलिस का मानना है कि अपराध नियंत्रण व पतारसी में सीसीटीवी मजबूत कड़ी साबित होंगे और जनसहयोग से यह निगरानी व्यवस्था सशक्त बनाए जाने की तैयारी है। इसकी शुरूआत के लिए इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने 25 हजार रुपए का चैक पुलिस अधीक्षक को सौंपा। अन्य व्यापारिक,सामाजिक संगठन भी इस कार्य में आगे आ रहे हैं। पुलिस का मानना है कि सीसीटीवी कैमरे अपराध नियंत्रण, अपराध की रोकथाम एवं अपराध की पतारसी में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विगत समय में घटित अनेक गंभीर अपराधों के खुलासे में सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से आरोपियों की पहचान, त्वरित गिरफ्तारी तथा चोरी एवं लूट की संपत्ति की बरामदगी में पुलिस को उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई है। इसे ध्यान में रखते हुए अब पुलिस द्वारा जिले के समस्त शहरों, कस्बों, ग्रामों, मुख्य मार्गों, गलियों, मोहल्लों एवं सार्वजनिक स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे स्थापित करने हेतु व्यापक जनजागरूकता एवं जनसहयोग अभियान भी संचालित किया जा रहा है।

### सड़क पर पुलिस का पहरा, 581 ठिकानों पर दी दबिश

इधर नववर्ष 2026 का आगमन शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं अपराधमुक्त वातावरण में हो इसके लिए रात भर पुलिस सड़क पर रही और जिले भर में नाइट कॉम्बिंग ऑपरेशन संचालित किया गया और पुलिस के इस प्रयास के सुखद परिणाम भी सामने आए। इस विशेष अभियान में जिले के समस्त थाना क्षेत्रों से कुल 340 पुलिस अधिकारी,कर्मचारी शामिल हुए। स्वयं पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी द्वारा अभियान की सतत निगरानी की गई। इसमे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सहित 5 एसडीओपी एवं 23 थाना प्रभारी मौजूद रहे। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार इस दौरान 30 स्थायी वारंट निष्पादित, 9 गिरफ्तारी वारंट में कार्रवाई, 7 जमानती वारंटों की तामिली की गई। वहीं इस कार्रवाई के दौरान 6 जिला बदर व्यक्तियों की जांच, 100 हिस्ट्रीशीटरों की निगरानी,176 गुंडा-बदमाशों के ठिकानों पर दबिश 66 होटल/ढाबों एवं 25 डेरों की गहन चेकिंग की गई। इसी तरह इस कांबिंग गश्त के दौरान अवैध शराब की कार्रवाई में 10 प्रकरण दर्ज कर 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से 37.98 लीटर अवैध शराब जप्त हुइ ं इसकी अनुमानित कीमत 20,600 रुपए होना बताई गई है।

### उदयगिरी में रही पर्यटकों की भीड़, मंदिरों में टेका मत्था

नव वर्ष पर शहर में स्थित एतिहासिक लुहांगी पहाड़ी, उदयगिरी पहाड़ी, शहर के समीप सांची आदि स्थानों पर खासी भीड़ रही। उदयगिरी में न केवल शहरी क्षेत्र बल्कि आसपास जिलों के भी लोग नए वर्ष पर बड़ी संख्या में पहुंचे। यहां मेला जैसी स्थिति बनी रही। बड़ी संख्या में चार पहिया वाहनों की आवाजाही बनी रही। वहीं लोग पहाड़ी पर स्थित गुफाओं व एतिहासिक धरोहरों का दर्शन कर आनंदित होते रहे। इधर शहर में सुबह से लोग बेतवा घाट स्थित प्राचीन शिवालयों सहित रंगई स्थित हनुमान मंदिर, रामघाट स्थित मंदिर, महलघाट स्थित हनुमान मंदिर, पहुंचे तो वहीं माधवगंज क्षेत्र स्थित कांच मंदिर शिवालय, सिद्देश्वरी मंदिर, गुलाबवाटिका के समीप स्थित देवी का बाग स्थित माता मंदिर, खरीफाटक रोड स्थित खेड़ापति मंदिर, बंटीनगर क्षेत्र स्थित खाटूधाम मंदिर, अहमदपुर मार्ग स्थित साईबाबा मंदिर आदि धार्मिक स्थलों पर दिनभर लोगों का आना-जाना रहा। इस दौरान भगवान के दर्शन कर नए वर्ष के नए संकल्प भी लिए गए।

## आसरा अपनों का संदेश 'शराब से नाता तोड़ो और दूध से नाता जोड़ो'



नए साल के स्वागत में जहां लोग इसे मनाने के लिए जोरों सोरों से तैयारी करते हैं। कहीं बाहर या पर्यटन स्थल घूमने जाते हैं, लेकिन विदिशा में आसरा अपनों का नए साल की शुरूआत अपने अलग हीं अंदाज में करता है। जहां इस संगठन से जुड़े युवाओं ने शहर में लोगों को शराब छोड़ने और स्वस्थ जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया। नीमताल चौराहे पर आयोजित इस अनूठी पहल में लगभग 4500 लोगों को केसर वाला दूध पिलाया गया। युवाओं ने स्टॉल पर राहगीरों और स्थानीय लोगों को केसर वाला दूध पिलाते हुए संदेश दिया कि शराब से नाता तोड़ो और दूध से नाता जोड़ो। उन्होंने बताया कि दूध शारीरिक शक्ति का स्रोत है, जबकि शराब स्वास्थ्य, परिवार और समाज के लिए हानिकारक है। इस दौरान युवाओं ने लोगों को यातायात नियमों का पालन करने और सुरक्षित जीवन जीने के लिए भी जागरूक किया। अधिकारी और जनप्रतिनिधि भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने युवाओं का उत्साह बढ़ाने के लिए लोगों को दूध पिलाया और मुहिम का समर्थन किया। 'आसरा अपनों का' के सदस्य आदर्श तिवारी बताते हैं कि पिछले पांच वर्षों से नववर्ष पर यह पहल की जा रही है। इस वर्ष लगभग 600 लीटर दूध वितरित किया गया। युवाओं का मुख्य उद्देश्य समाज को नशे से दूर रखकर स्वस्थ जीवन की ओर प्रेरित करना है। युवाओं ने बताया कि शराब का सेवन लीवर, दिमाग और दिल पर नकारात्मक प्रभाव डालता है, सड़क दुर्घटनाओं का जोखिम बढ़ाता है और पारिवारिक कलह उत्पन्न करता है। उनका मानना है कि अगर हर व्यक्ति नए साल पर एक अच्छी आदत अपनाए, तो समाज में बड़ा सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है।

## आगामी शैक्षणिक सत्र 26-27 के लिए बैठक में मांगे प्रस्ताव

### विभिन्न विभागों के अधिकारी रहे शामिल

**जागरण विदिशा**

आगामी शिक्षण सत्र को लेकर बुधवार को एक बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें वार्षिक योजना में शामिल करने के लिए संबंधित अधिकारियों से सुझाव एवं प्रस्ताव मांगे गए।

शिक्षा विभाग अंतर्गत समग्र शिक्षा अभियान सेकेंडरी एजुकेशन की वार्षिक कार्य योजना वर्ष 2026-27 के निर्माण संबंधी महत्वपूर्ण बैठक अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विद्यालयों के अधोसंरचनात्मक सुदृढ़ीकरण, शत-प्रतिशत नामांकन, बालिका शिक्षा को बढ़ावा, व्यावसायिक शिक्षा, आईसीटी लैब की स्थापना तथा दिव्यांग विद्यार्थियों की शिक्षा हेतु ठोस और व्यवहारिक कार्य योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई एवं उन्हें स्वीकृति प्रदान की गई।

इसके साथ ही छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शिक्षकों एवं अतिथि शिक्षकों के उन्मुखीकरण कार्यक्रम, तथा दिव्यांग संसाधन केन्द्रों को और अधिक सशक्त बनाने हेतु विभिन्न उपयोगी सुझाव प्राप्त हुए। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी, जिला सहायक परियोजना समन्वयक, जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र सहित स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, कृषि एवं उद्यानिकी विभाग, पशुपालन विभाग तथा आदिम जाति कल्याण विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे एवं सभी के सुझाव आमंत्रित किए गए। सांसद, जिला पंचायत अध्यक्ष, विधायक सभी से अपने-अपने क्षेत्र हेतु सुझाव एवं प्रस्ताव मांगे गए है जिन्हें वार्षिक कार्य योजना में सम्मिलित किया जाएगा।

### गौशाला के सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ तेंदुआ, विभाग ने किया सतर्क

## पठारी क्षेत्र में तेंदुए की मौजूदगी बढ़ा रही दहशत

**जागरण विदिशा**



पठारी क्षेत्र एक गांव में स्थित एक गौशाला के सीसीटीवी कैमरे में तेंदुआ की मौजूदगी एवं एक मवेशी को ले जाने की घटना सामने आई है। इसके बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। बताते हैं वन विभाग ने जंगल के आस-पास के गांव में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी।

मिली जानकारी के अनुसार यह घटना बुधवार देर रात ग्राम पंचायत भाल.बामौरा की गोशाला में हुई। तेंदुआ गोशाला में दाखिल हुआ और वहां बंधे एक बीमार मवेशी को उठाकर ले गया। यह पूरी घटना गोशाला में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई हैए जिसका वीडियो सामने आने के बाद ग्रामीणों में भय और आक्रोश है। ग्रामीणों के अनुसार, पिछले लगभग चार महीनों से इस क्षेत्र में तेंदुए की लगातार आवाजाही बनी हुई है। इस दौरान तेंदुआ कई मवेशियों और अन्य जानवरों का शिकार कर चुका है। खेतों में काम कर रहे किसानों से भी कई बार उसका सामना हुआ है, जिससे गांवों में दहशत का माहौल है और लोग रात के समय घर से बाहर निकलने से कतरा रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने वन विभाग को जानकारी दी है। उन्होंने तेंदुए को जल्द पकड़ने और क्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो किसी बड़ी जनहानि की आशंका है। तेंदुए की सक्रियता की जानकारी मिलने के बाद वन विभाग अलर्ट हो गया है।

विभाग द्वारा जंगल से सटे गांवों में मुनादी कराई जा रही है और ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी जा रही है। उन्हें रात के समय जंगल की ओर न जाने और अपने मवेशियों को घर के भीतर ही बांधने को कहा गया है। वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की कि यदि कोई मांसाहारी प्राणी मवेशी का शिकार कर रहा हो, तो वे अपनी जान जोखिम में न डालें। विभाग ने यह भी बताया है कि ऐसे मामलों में वन विभाग की ओर से नियमानुसार मुआवजा दिया जाएगा।

## योजनाओं का लाभ समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचे: विधायक

**जागरण नटेरन**

नववर्ष 2026 के शुभारंभ दिवस गुरुवार को नटेरन क्षेत्र में सक्रियता दिखाते हुए विधायक सूर्यप्रकाश मीणा ने एक ही दिन में तीन अलग.अलग कार्यक्रमों में सहभागिता कर जनसभाओं को संबोधित किया। पहले कार्यक्रम में जनपद पंचायत नटेरन परिसर में एडिप्ट योजना के अंतर्गत दिव्यांगजनों को सहायक उपकरणों का वितरण किया गया। इस अवसर पर सात ट्रायसाइकिल, तीन व्हीलचेयर एवं एक कान की मशीन हितग्राहियों को प्रदान की गई। विधायक मीणा ने संबोधन में कहा कि सरकार की मंशा है कि योजनाओं का लाभ समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुँचे। उन्होंने सभी जनकल्याणकारी योजनाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी रूप से लागू करने का भरोसा दिलाया।

दूसरे कार्यक्रम में विधायक ने नटेरन स्थित ग्लोबल कॉन्वेंट स्कूल के नए भवन के शुभारंभ समारोह में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में



हिंदी के साथ.साथ अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा भी अत्यंत आवश्यक है, जिससे विद्यार्थी प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण में आगे बढ़ सकें। तीसरे कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम आमखेड़ा सूखा में 25 लाख रुपये की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन एवं 20 लाख रुपये की लागत से बनने वाली बाउंड्री वॉल के भूमि पूजन कार्यक्रम में विधायक ने सहभागिता की। उन्होंने कहा कि सामुदायिक भवन ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक कार्यक्रमों एवं जनहित गतिविधियों के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इन तीनों कार्यक्रमों के माध्यम से विधायक सूर्यप्रकाश मीणा ने विकास, शिक्षा और सामाजिक समावेशन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।